दीपान्विति

घटनाओं, विचारों और कहानियों की कड़ियाँ



श्रीमती सुशीला शर्मा हक़ दीपा दिनेशनील को अपनी पुस्तक 'बेबी बुआ' भेंट करते हुए

भारत-विभाजन और जर्मनी-एकीकरण की चश्मदीद: सुशीला शर्मा हक़

अनुभवों और ज्ञान का अनमोल खज़ाना

---------- दीपा दिनेशानील

वाणी में अपनत्व की मिठास, आवाज़ में स्वदेश की खनक, व्यवहार में सौम्यता की झलक और आँखों में आत्मविश्वास की चमक – 86 वर्षीय सुशीला जी के जोश और जज्बे की जितनी भी तारीफ़ की जाए कम है। उम्र के इस पड़ाव पर जहाँ अमूमन लोग अपने स्वास्थ्य-समस्याओं से जूझते हुए अधिकतर समय आराम में बिताना पसंद करते हैं, सुशीला जी ने सक्रीय रहना चुना और यही उनकी शख्सियत को दिलचस्प बनाता है।

उनके पास भारत और जर्मनी के कार्यों की लम्बी फ़हरिस्त है जिसे जानना आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी कहानियों से कम न होगा। उनके अनुभवों के पिटारे में ऐसे-ऐसे नगीने हैं कि जिसकी चमक से समूचा सभागार जगमगा उठे। 1947 में मात्र सात साल की 'बेबी' आज भारत की आजादी के अस्सी सालों के बाद भी उस दिन को याद कर प्रफुल्लित हो उठती है। उन्हें मलाड की सड़कों पर जश्न का माहौल और मुंबई की जनता का जोश भली-भाँति याद है। भारत में बिताए बचपन के दिनों को याद कर वे उन यादों में खो-सी जाती हैं। भारत से जर्मनी आने का क़िस्सा हो या ब्राह्मण परिवार में होते हुए एक मुसलमान से विवाह का प्रसंग, उनकी बेबाक बातें और मानवीय दृष्टिकोण उनके प्रति एक सहज आकर्षण पैदा करता है। संयुक्त परिवार में पली बढ़ी सुशीला उर्फ़ बेबी बुआ की कहानी स्वच्छंद विचार और उन्मुक्त ख्यालों की एक स्त्री के स्वयं को पहचानने और उसे निखारने की बड़ी दिलचस्प कहानी है।

जर्मनी को भी उन्होंने बहुत करीब से देखा है और फिर अपनाया है। यहाँ की सामाजिक गतिविधियों से राजनीतिक उथल-पुथल तक – हर घटना, हर बदलाव की साक्षी रहीं हैं सुशीला हक़। एक ज़माने में उन्होंने भारत की आज़ादी का जश्न मनाया था, संयोग ऐसा रहा कि जर्मनी एकीकरण की भी साक्षी बनीं। पिछले साठ वर्षों से जर्मनी में रहते हुए अब यही उन्हें अपना देश लगता है। भारत अपनों का देश है किन्तु जर्मनी पहले अपनी मर्ज़ी से अपनाया गया कर्मभूमि और फिर अपनी पहचान और अस्मिता का देश बन गया। सुशीला शर्मा हक़ आज जर्मनी की एक प्रतिष्ठित शख्सियत हैं; जर्मन व भारतीय दोनों समुदायों के लिए – बस नाम ही काफ़ी है।

'लेडीज़ कॉर्नर' के 40 साल

खुद के खोज की अनोखी दास्तान

----------- बर्लिन डेस्क

अपने नाम को सार्थक करती सुशीला शर्मा हक़ के हक़ की या यों कह लें, विदेशी ज़मीन पर स्वदेशी संस्कार ज़िंदा रखने की अनूठी दास्तान है – लेडीज़ कॉर्नर!

अपने नाम की तरह ही इसके अस्तित्व में आने की कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। सत्तर के दशक में बर्लिन में बसे सीमित भारतीय परिवारों ने अपने अन्दर बसे भारत को जीवित रखने के इरादे से 'भारत मजलिस' नाम से एक सामुदायिक समूह की नींव रखी। इस समूह में पहली पीढ़ी के भारतीय आपसी मेल-जोल और सांस्कृतिक आयोजनों के सहारे सामुदायिक चेतना जीवित रखना चाहते थे। 1978 में सुरिंदर सिंह कलसी इसके प्रथम अध्यक्ष बने और देखते-ही-देखते भारत मजलिस सामाजिक कार्यों में भी सक्रीय होने लगा। पुरुषों की इस महफ़िल में एक्का-दुक्का महिलाएँ ही शिरकत करती थीं। प्रोग्रेसिव सुशीला हक़ को स्त्रियों का यों घर की चार-दीवारों में उलझे रहना पसंद नहीं था। स्त्रियों को भी सामाजिक स्वतन्त्रता मिले, उन्हें भी अपने हिस्से की ख़ुशी मिले, यह विचार कर उन्होंने भारत मजलिस में आने वाले सभी पुरुषों की पत्नियों को इस सामुदायिक मिलन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। ज्यों-ज्यों स्त्रियों की भागीदारी बढ़ी, उनके लिए भारत मजलिस की महफ़िल में एक सुनिश्चित स्थान की व्यवस्था की गयी। इसे 'लेडीज़ कॉर्नर' की संज्ञा दी गयी और देखते ही देखते यह लेडीज़ कॉर्नर महिलाओं के बीच लोकप्रिय हो गया। 1985 में सुशीला शर्मा हक़ ने लेडिज़ कॉर्नर को औपचारिक रूप देकर एक नयी पहचान दी।

आज इस लेडीज़ कॉर्नर को आरंभ हुए 40 साल बीत चुके हैं और पिछले चार दशकों से यह बर्लिन में बसे भारतीय महिलाओं को न सिर्फ अपनी भारतीयता से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, बल्कि कई सांस्कृतिक और सामाजिक सरोकार के कार्यों से जुड़ कर अपनी एक अलग पहचान बनाने में सक्षम रहा है। यह समूह अब परिवार से दूर एक नया परिवार बन चुका है।



Ms. Sushila Sharma Haque predenting her new book 'Baby Bua' to Jawahar Karnavat and Deepa Dineshneel

A Woman Between Two Histories

Sushila Sharma Haque

---------- DEEPA DINESHNEEL

Some lives are lived within the boundaries of an era. Some lives quietly become a bridge between eras. Sushila Sharma Haque belongs to the latter kind.

Born on 13 August 1940, in colonial India, Sushila Sharma Haque belongs to a rare generation that did not merely read history; it lived through it. She was seven when India awoke to the dawn of Independence in 1947 and fifty when Germany witnessed the historic fall of a divided past and the birth of reunification in 1990. Between these two momentous chapters of history lies a life shaped by journeys, transitions, resilience and an enduring faith in humanity.

At 86, her story is much more than a chronicle of years lived. It is a reflection on changing times and changing identities; on what it means to belong to a nation, to carry one's culture across borders, and yet to embrace another homeland without abandoning the roots from which one has grown. Sushila Haque has lived at the intersection of several worlds: India and Germany, tradition and modernity, family and professional life, cultural belonging and individual identity. A family woman with a deep sense of responsibility, she has simultaneously pursued her professional and social commitments with remarkable determination. Her life demonstrates that family responsibilities need not silence a woman's aspirations; rather they can become another dimension of her strength. Over the decades, she has worn many hats—social worker, cultural activist, writer, editor, announcer, caregiver and life coach. Yet none of these titles quite captures the person behind them. At the heart of all these roles is a woman driven by an unwavering commitment to people, culture and community. Her journey is also a quiet testament to the possibility of belonging to more than one world. She has embraced her German identity while retaining an intimate connection with her Indian cultural heritage.

In doing so, she represents a generation of migrants who built bridges long before the vocabulary of multiculturalism, diaspora and transnational identity became part of everyday discourse. Perhaps the most remarkable aspect of her personality is her ability to give. She has not regarded experience as something to be accumulated for oneself, but as something to be shared. Through her work, words, relationships and social engagement, she has touched lives and encouraged others to find their own strength. Her life reminds us that empowerment is not always a loud declaration. Sometimes it is the quiet persistence of a woman who continues to work, care, create and contribute – year after year. Sometimes it is a helping hand extended without expectation. Sometimes it is the courage to begin afresh in an unfamiliar land. Sushila Sharma Haque has traversed continents and witnessed epochs. She has seen nations change, borders transform and societies redefine themselves. Yet, through all these changes, certain values have remained constant in her life: hard work, perseverance, compassion and an abiding respect for humanity. Her story is therefore not confined to India or Germany. It belongs to everyone who has ever crossed a geographical, cultural or emotional border in search of a meaningful life. She is, in many ways, a living bridge between two histories, two cultures and two homes. And perhaps that is her greatest legacy, not simply the years she has lived, but the lives she has enriched along the way.

Ladies Corner Celebrates its 40th Anniversary

A journey worth sharing

In 1985, a simple yet meaningful idea took shape in Berlin; the idea that Indian women living far from their extended families should have a place where they could find friendship, support and a sense of belonging. Thus was born Ladies Corner Berlin, founded by Sushila Sharma Haque together with a group of Indian women associated with the community life of Bharat Majlis Berlin. Four decades have brought profound changes. Berlin has evolved, the Indian community has grown and successive generations have developed identities that comfortably embrace more than one culture. Through all these transformations, Ladies Corner has continued to nurture the values with which it began – community, culture, friendship and care. Today, as it marks 40 glorious years, Ladies Corner celebrates more than a milestone. It celebrates four decades of memories, friendships, cultural exchange and human connections.

Perhaps its greatest achievement lies in something beautifully simple: it created a sense of home far from home. And as the circle continues to grow, Ladies Corner stands as a reminder that when people come together with warmth and purpose, a small gathering can become a legacy.